## भारी बजट के बावजूद नहीं हो रहा जलसंरक्षण, बढ़ रहा पानी का संकट

# धांधली के शिकार हैं ग्रामीण अमृत सरोवर व शहरी तालाब

शहडोल।

जिले भर में जल संरक्षण करने और बारहो महीने पानी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए शासन ने जहां नगरीय क्षेत्रों के प्राकृतिक जलाशयों के रखरखाव के लिए निर्देश दिए थे वहीं ग्रामीण अंचलों में अमृत सरोवर योजना का संचालन किया था, शासन ने दोनो स्तरों पर काम के लिए भरपूर बजट भी आवंटित किया था, लेकिन इसके बावजूद न तो जलाशयों के दिन बदल रहे हैं और न अमृत सरोवर कारगर साबित हो रहे हैं। हालत यह है कि धीरे धीरे नगर व ग्रामीण दोनो स्थानों में पानी का संकट पनपने लगा है। बीते वर्षों नगरपालिका को शासन ने नगर के लगभग 20 तालाबों के रखरखाव के लिए लाखों रुपए का बजट दिया था, इसमें से दो चार तालाबों का रखरखाव तो हुआ इसके बाद काम समाप्त सा हो गया। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवरों का क ाम पंचायतों द्वारा कराया जा रहा है जो कि भ्रष्टाचार का शिकार हो जाता है। नतीजा यह है कि शासन के लाखों रुपए बर्बाद होने के बाद भी जल संरक्षण का उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है।





### जलाशयों का कार्य अधूरा

नगरपालिका ने नगर के कुछ तालाबों में सौंदर्यीकरण के नाम पर साफ सफाई कराई थी और घाट बंधान के लिए आसपास की मिट्टी निकलवाकर तालाब के चारो ओर डाल कर छुट्टी पा ली थी। यह कार्य भी केवल चार-छह तालाबों में ही हुआ शेष 14-15 तालाब आज भी उपेक्षित पड़े हैं। ज्ञातव्य है कि पूर्व आयुक्तों ने तालाबों के संरक्षण के लिए निरंतर आदेश दिए थे, एक आयुक्त ने तो तालाबों की लिस्ट मंगाकर सभी तालाबों का रकबा नियत करने के उद्देश्य से तालाबों का सीमांकन करने और उनकी हदबंदी करने के भी निर्देश दिए थे। आयुक्त के इस आदेश से राजस्व अमले के पसीने छूट गए थे। उसने भारी मन से काम शुरू किया, दो चार तालाबों की नाप जोख की गई लेकिन पूर्ण सीमांकन करने और रकबा निकालने से पूर्व ही काम ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आज भी नगर के तालाब उपेक्षित पड़े हैं अगर इन तालाबों का रखरखाव ढंग से कर दिया जाए तो नगर का जलस्तर संतुलित हो सकता है। यह स्थिति केवल संभाग मुख्यालय शहडोल की ही नहीं संभाग के हर नगरीय क्षेत्र की हो सकती है, जहां तालाबों का जीर्णोद्धार कराने से जल स्तर संतुलित होगा।

### तालाब की जगह ढांचा बना रहे

ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों द्वारा अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। लेकिन वास्तविकता यह है कि अमृत सरोवरों के लिए अपने मनमाने ढंग से जगह चयनित कर काम शुरू कराया जाता है। तालाबों का निर्माण सरपंच, सचिव व उपयंत्री आपस की घालमेल से कराते हैं। जिसमें न तो तकनीकी मानकों का ध्यान रखा जाता है और न निर्माण के दौरान गुणवत्ता को महत्व दिया जाता है। घटिया निर्माण कराकर बजट डकारने का प्रयास किया जाता है। ग्रामीण बताते हैं कि अधिकांशतः जो तालाब बनाए जाते हैं उनकी पर्याप्त गहराई नहीं रखी जाती है और उनकी भराव क्षमता बहुत कम रहती है। इसके अलावा उनका घाट बंधान भी मानक पत्थरों और मानक तकनीक के अनुसार नहीं कराया जाता है। इससे तालाब गड्ढे जैसा दिखाई पड़ता है, उसमें कहीं भी पानी का पता नहीं है। जबकि अमृत सरोवर के नाम पर रकम व्यय कर दी गई है। वास्तव में देखा जाए तो कोई भी तालाब अमृत सरोवर की कसौटी पर खरा नहीं उतरता है। इन तालाबों के निर्माण से ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं हो रहा है।

### तालाबों की साफ सफाई नहीं

शासन गर्मी के समय तालाबों की साफ सफाई कराने और उसका भराव बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष नगरपालिका और पंचायतों को बजट देती है, लेकिन तालाबों और कुंओ की साफ सफाई भी नहीं कराई जाती है। चाहे नगरीय निकाय हो या पंचायतें हों सबकी कार्यशैली एक जैसी ही है, किसी को भी जलाशयों का महत्व समझ में नहीं आता है। जबकि आम जनता पानी की समस्या से जूझती रहती है। इससे भी अधिक हालत ग्रामीण क्षेत्रों में खराब है, जहां अभी से जानवरों के लिए पानी खतम हो रहा है, जो थोड़ा बहुत पानी था भी उसे किसानों ने पंप लगाकर खेतों की सिंचाई कर ली है। अब जानवर प्यास से मरने को विवश हो जाएंगे। जानवरों के लिए सोचने और उनके लिए व्यवस्था करने की फुर्सत किसी के पास नहीं है। कुल मिलाकर जलाशयों के नाम पर भी संस्थाएं जमकर भ्रष्टाचार करतीं हैं और उस पर नकेल नहीं कसी जाती है।

## खबर संक्षेप

### सांसद ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात



**शहडोल।** संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर शहडोल के फुटबॉल खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय मीडिया में चर्चा करने के लिए आभार व्यक्त किया, श्रीमती सिंह ने प्रधानमंत्री से कहा कि आपने केवल हमारे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया, बल्कि शहडोल में सर्व-सुविधायुक्त स्टेडियम की मांग और क्षेत्र के विकास से जुड़ी अन्य आवश्यकताओं पर भी सहमति व्यक्त की। आपके इस समर्थन से हमारे युवा खिलाड़ियों और क्षेत्र को नई ऊर्जा मिलेगी। सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने शहडोल लोकसभा के समस्त निवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

### ट्रेन से गिरने से युवक हुआ गंभीर घायल

**उमरिया।** जिले में रेल हादसे में बुढ़ार निवासी घनश्याम सिंह उम्र 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना घुनघुटी-मुदरिया रेलवे ट्रैक के बीच हुई। घनश्याम पूरी-बलसाड़ एक्सप्रेस से दूसरे प्रदेश में रोजगार की तलाश में जा रहा था। हादसे में युवक के सिर और पैर पर गंभीर चोट आई है। फिलहाल उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार घनश्याम सिंह पिता बालगोविंद सिंह, ग्राम नवगई बुढ़ार के निवासी है। वह पूरी-बलसाड़ ट्रेन में सफर कर रहे थे, लेकिन घुनघुटी-मुदरिया के बीच अचानक ट्रेन से गिर गए। हादसे के बाद रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे एक गैंगमैन ने उन्हें देखा और तुरंत इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस सेवा को बुलाया गया, जिसके माध्यम से पहले घायल युवक को पाली अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार किया गया। हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। युवक किन परिस्थितियों में चलती ट्रेन से गिरा यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि, प्रारंभिक जांच और कयासों के आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि घनश्याम संभवतः ट्रेन के दरवाजे पर बैठा हुआ था और नींद के झोंके में नीचे गिर गया। यह भी हो सकता है कि किसी झटके के कारण संतुलन बिगडने से वह ट्रेन से नीचे गिर गया हो। रेलवे प्रशासन फिलहाल मामले की जांच कर रहा है। घायल युवक को सिर और पैर पर गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टरों के अनुसार, उसके शरीर में कई जगह चोटों के निशान हैं, जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जैसे ही घटना की जानकारी मिली, जिला अस्पताल प्रशासन ने परिजनों को सूचना दी। खबर मिलते ही घनश्याम के बड़े भाई धन सिंह जिला अस्पताल पहुंचे। हादसे के बाद रेलवे प्रशासन और स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक रिपोर्ट में यह सामने आया है कि ट्रेन से गिरने का मुख्य कारण संतुलन खोना हो सकता है, लेकिन वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो पाएगी। जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, घनश्याम की हालत स्थिर है, लेकिन गंभीर बनी हुई है और इलाज जारी है।

### पशु तस्करी करते 6 वाहन पुलिस ने पकड़े

**शहडोल।** जिले के अमलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर गिरवा हाईवे पर मवेशी तस्करी करते 6 पिकअप वाहन को पुलिस ने जब पकडने की कोशिश की तो, वाहनों में सवार चालक वाहन छोडक़र भाग गए। पुलिस की नाकेबंदी देखकर दो वाहन अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पलट गए। 6 पिकअप वाहनों से 23 नग मवेशी तस्करों के चंगुल से पुलिस ने मुक्त करा लिया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि अनूपपुर की ओर से 6 पिकअप वाहन आ रहे हैं। वाहनों में मवेशियों की तस्करी की जा रही है। सूचना पर पुलिस ने रामपुर गिरवा हाईवे पर नाकेबंदी कर वाहनों को रोकने की कोशिश की। पुलिस देख सभी चालकों ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए हाईवे से नीचे उतारते हुए वाहनों को लेकर भागने लगे। तभी पुलिस ने उनका पीछा किया इस दौरान दो वाहन अनियंत्रित हो कर सडक़ किनारे जा पलट गए। सभी वाहन चालक वाहनों को छोडक़र भाग निकले। अमलाई थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि सूचना पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। नाकेबंदी तोडक़र वाहन भाग रहे थे, जिसका पीछा करने पर दो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गए हैं। वाहनों की तलाशी लेने पर 23 नग मवेशी बरामद किए गए हैं। 6 पिकअप वाहनों में मवेशियों की तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने केशवाही, अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू निवासी कोतमा अनूपपुर, साजिद निवासी कोतमा अनूपपुर के विरुद्ध कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



## टीवी मरीजों से किया जाए सामान्य जनक व्यवहार: सीएमएचओ

### विश्व क्षय दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का का किया गया आयोजन

**शहडोल।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिला प्रशिक्षण केन्द्र शहडोल के सभागार में संगोष्ठी का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा की उपस्थिति में किया गया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि सामाजिक जागरूकता व क्षय रोगियों के प्रति सभी का व्यवहार सम्मानजनक हो यह सुनिश्चित किया जाये साथ ही सभी निश्चय मित्र के भॉति कार्य करते हुए सामाजिक बाधाओं को दूर करते हुए मरीजों का चिन्हांकन जॉच समय पर उपचार तथा समय-समय पर अनुसरण करने में सहभागिता निभाये। कार्यक्रम को जिला क्षय अधिकारी डॉ.वाई. के. पासवान, सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ सहित अन्य अधिकारी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जिले को क्षय मुक्त करने के शपथ भी दिलाई गई। आयोजित संगोष्ठी में मेडिकल कॉलेज शहडोल के चिकित्सक डॉ. आकाश रंजन, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सीएचसी सिंहपुर डॉ. सुनील स्थापक, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सीएचसी जयसिंहनगर डॉ.के.एल. दीवान, जिला क्षय केन्द्र के अधिकारी,कर्मचारी एवं महिला प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षु महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बुजुर्गों का सम्मान होगा तभी हम खुशहाल होंगे: जायसवाल

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित पेंशनर्स सम्मान समारोह एवं प्रांतीय अधिवेशन कार्यक्रम आयोजित

शहडोल।

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के द्वारा पेंशनर्स सम्मान समारोह एवं प्रांतीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका शहडोल के अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने प्रदेश के कोने-कोने से आए पेंशनर्सों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब को बुजुर्गों का सम्मान करना होगा, तभी हम खुशहाल होंगे , आप सभी बुजुर्गों को आने वाली पीढ़ी और समाज के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभानी होगी। श्री जायसवाल ने कहा कि संगठन में बड़ी शक्ति होती है, आप संगठित होकर सरकार के सामने अपनी मांगे रखेंगे तो, सरकार आप की बात जरूर सुनेगी । प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन शहडोल के सचिव एवं प्रांतीय सचिव के एम.चतुर्वेदी की मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन कार्यालय के लिए एक कक्ष उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया और साथ ही शहर के फुटपाथ में जगह-जगह बुजुर्गों की बैठने हेतु ब्रेन्च लगाने की बात भी कही। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश बुधौलिया ने संबोधित करते हुए कहा कि शहडोल संभाग के साथ ही प्रदेश के कोने-कोने से पधारे आप सभी पेंशनर्स के कारण ही शहडोल में सम्मेलन सफल रहा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शहडोल की टीम बधाई की पात्र है, सभी लोगों ने बड़ी मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है, उन्होंने कहा कि सरकार के पास अभी हमारा 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता लंबित है, यदि सरकार देने में हीलाहवाली करती है तो, आंदोलन की रूपरेखा बनानी होगी, जिसके लिए आप सब को अंशदान भी करना होगा । आने वाले समय में भी सदस्यता अभियान जारी रखना होगा और सभी पेंशनर्स को संगठित होकर अपनी मांगों के लिए आवाज बुलंद करने की जरूर होगी, जिसके लिए आप सबको तैयार रहना होगा, हमारी कुछ मांगे ऐसी भी है, जो केंद्र सरकार ही पूरी कर सकती है, यदि ऐसा नहीं हुआ तो हमें दिल्ली में भी जाकर धरना प्रदर्शन करना होगा। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष सनत पाण्डेय , जिला अध्यक्ष पीसी गुप्ता , सचिव के एम चतुर्वेदी,रामनिवास पयासी, सुभाष शर्मा , कीर्ति कुमार शर्मा रतलाम, वीरेंद्र कुमार तिवारी रीवा , शिरीष कुमार पांडे सतना सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखें । इस अवसर पर सेवानिवृत्ति मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत इमरान खान को शहडोल जिले का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### पचहत्तर वर्ष आयु पूर्ण करने वाले पेंशनर हुए सम्मानित

शहडोल, प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन इकाई शहडोल द्वारा आज मानस भवन में आयोजित पेंशनर्स सम्मान समारोह एवं प्रांतीय अधिवेशन समारोह में जिले के 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बयालिस पेंशनर्सों को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में सर्व श्रीमती पुष्पा समदडिय़ा, कुमारी ज्योत्सना गुप्ता, श्री ईश्वरी प्रसाद, एस एस निगम, रघुवर सिंह परमार , राम रंगीले गर्ग, रामखेलावन द्विवेदी, रामपाल श्रीवास्तव, राजमणि सोनी प्रकाश चंद्र गुप्ता, बृज किशोर शुक्ला, मथुरा प्रसाद प्रजापति, माधव प्रसाद वर्मा , एस एस पाठक, विद्याधर द्विवेदी , जफर मोहम्मद ,ओमप्रकाश श्रीवास्तव ,वसंत कुमार सोनी, नरसिंह नारायण सिंह, नंदकिशोर गौतम, रामचंद्र शुक्ला, मुलायम सिंह, मुरली प्रसाद गुप्ता ,एस सी जैन इंद्र कुमार त्रिपाठी ,पदम सिंह, ब्रज कुमार शर्मा ,उदय प्रकाश श्रीवास्तव ,चंद्र कुमार तिवारी, अंजनी कुमार माली, वाल्मीक प्रसाद मिश्रा ,सरज कुमार सिंह ,पी डी तिवारी , खेम सिंह ,देवशरण सिंह, कयूब खान , रामयश पांडे, अमरनाथ पांडे ,बाबूलाल सोंधिया, श्याम वंश मिश्रा ,गोपीनाथ त्रिपाठी को अतिथियों द्वारा शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक छितेश्वर पटेल के साथ ही डॉ.एस . सी त्रिपाठी, डॉ.ए.के.श्रीवास्तव, चंद्रशेखर ओझा, श्रीराम दुबे, अशोक उपाध्याय, शिव शंकर शर्मा सहित शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, डिण्डौरी,मण्डला रीवा मऊगंज, ग्वालियर, खण्डवा, रतलाम सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित थे।

## झूला-झूलने के दौरान हुई मासूम की मौत

शहडोल।

जिले में सोहागपुर थाना क्षेत्र के जरहा गांव में 11 वर्षीय बालक की झूला-झूलते समय अचानक जान जाने की घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। राजकुमार सिंह जो विक्रम सिंह का पुत्र था, अपने मामा के घर पर खेलते समय झूले में गर्दन फंसने के कारण फांसी पर लटक गया और उसकी मौत हो गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे ने बताया कि राजकुमार अपने दोस्तों के साथ झूला-झूल रहा था। अचानक उसकी गर्दन झूले में फंस गई और वह फांसी लगने के कारण लटक गया। घटना के समय वहां अन्य बच्चे भी मौजूद थे, लेकिन जब उन्होंने देखा कि राजकुमार को झूले में फांसी लग गई है, तो वे डर कर भाग गए। जानकारी के अनुसार राजकुमार जब घर काफ़ी समय तक नहीं आया तो, कुछ समय बाद उसके मामा और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। उन्हें राजकुमार का गला फंदे में फंसा देख उसे निकाल नजदीकी अस्पताल ले जाने का निर्णय लिया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक घटना पर गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। राजकुमार के पड़ोसी ने कहा, इस तरह की घटना सुनकर दिल बेहद दुखी हुआ। यह एक मासूम बच्चा था, जो सिर्फ खेल रहा था। हमें बच्चे की सुरक्षा के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। काफी देर तक जब बालक घर नहीं लौटा तो, परिजन उसकी तलाश करने लगे। तभी पास में स्थित एक पेड़ में लगी रस्सी के फंदे में वह फंसा हुआ दिखाई दिया। उसके बाद अस्पताल ले जाने में उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। पुलिस को मामले की जानकारी दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस में पड़ताल कर रही है। मामले पर मर्ग कायम किया गया है।

### इनका कहना है

मृतक बुढार थाना के नौगवां का रहने वाला था और वह काफी समय से अपने मामा के घर जरहा थाना सोहगपुर में रह कर पढ़ाई करता था। खेल-खेल में घर के पास बच्चे एक पेड़ में रस्सी का झूला बनाए थे, जिसमें झूलते वक्त उसकी गर्दन फंस गई। उस दौरान अन्य बच्चे भी मौके पर थे, लेकिन राजकुमार की जब गर्दन फंसी तो, सभी बच्चे डर गए और वहां से भाग गए।

**भूपेंद्र मणि पांडे**
**थाना प्रभारी, सोहागपुर**



## समय पर करें सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों का निराकरण

शहडोल।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सीएम हेल्पलाईन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लें तथा समयावधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से बात करें, शिकायतों को समझें तथा संतुष्टिपूर्वक निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में शिकायतों का निम्नगुणवत्ता के साथ निराकरण न हो। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में निम्न गुणवत्ता के साथ शिकायतों का निराकरण किया गया है उन विभागों के संबंधित अधिकारी शिकायत को पुनः ओपन कराएं एवं शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने लोकसेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली शिकायतों की भी समीक्षा की तथा कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोकसेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने जिला आपूर्ति नियंत्रक को निर्देश दिए हैं कि किसानों के भुगतान संबंधित शिकायतों को गम्भीरता से लें तथा भुगतान कर शिकायतों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि गेहूं खरीदी के लिए शत-प्रतिशत किसानों का किसान पंजीयन भी कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, ऊर्जा विभाग,जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए।

## 10 दिनों के एतेकाफ़ पर बैठ गए शायरे इस्लाम मोहम्मद अफ्तार रज़ा हिन्दुस्तानी

**मानपुर।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम चिल्हारी में सदियों बाद कोई एतेकाफ पर बैठा है, यह ऐतिहासिक काम हुआ है, रमजान का एतेकाफ 10 दिनो का होता है, चिल्हारी जामा मस्जिद मे 10 दिनो के लिए एतेकाफ पर बैठ गए शायरे इस्लाम अफ्तार रजा हिन्दुस्तानी जिनको पूरा क्षेत्र खान साहब हिंदुस्तानी के नाम से जानता है और पहचाने जाते हैं जामा मस्जिद सदर मोहम्मद जाकिर हुसैन ने बताया कि रमजान पाक महीना चल रहा है, रमजान के तीसरे असरे में 20 वा रोजा को असर की नमाज के वक्त से पहलें ही हमारा छोटा भाई अफ्तार रजा हिन्दुस्तानी पूरी चिल्हारी बस्ती के भलाई व खैरियत के लिए एतेकाफ पर बैठा है और सचिव मोहम्मद जैनुल सत्तार ने बताया की मुसलमानों बस के लिए नहीं किसी एक धर्म ,मजहब के लिए नहीं बल्कि पूरी चिल्हारी बस्ती के भलाई के लिए बैठा। हम सब उनका सहयोग करेंगे। बता दें कि मुस्लिम समाज के सभी भाई लोग सारा दिन रोजा रखते हैं और शाम मगरिब की नमाज के वक्त रोजा इफ्तार करते है, लगभग 15 घंटे का रोजा रहते हैं, बिना कुछ खाए पिए रोजा रहकर भी रात में तराबी की नमाज अदा करते हैं, इससे सारी बुराइयां दूर होती हैं और हर रोज मुल्क की शांति, अमन, भाईचारे की दुआ मांगी जाती है, जामा मस्जिद के इमाम जनाब मोहम्मद साहिल रजा साहब एक दिन में पांच बार नवाज़ अदा करते है साथ ही सभी नवाज भाई रोजा रहकर इबादत करते हैं, रमजान पाक महीना में बहुत ही पाक बरकरत वाला बेहतरीन इबादत माना जाता है, सहयोगी जामा मस्जिद के सदर मोहम्मद जाकिर हुसैन,सचिव मोहम्मद जैनुल सत्तार, इमाम साहिल रजा, मुआज्जिम मोहम्मद, फिरोज खान , मोहम्मद साबिर, मुबारक हुसैन, मोलई भाई और इरफ़ान खान ,फ़ैज रजा ,इकराम खान, इंताज खान ,सैफ खान सब लोग सहयोग कर रहे है ताकि उनका एतेकाफ़ सही तरीके से मुक़म्मल हो और अल्लाह के बारगाह मे क़ुबूल हों यह इतिहासिक काम किया है।



## विस्थापन को लेकर ग्रामीणों ने फूंका बिगुल

# 15 लाख रुपये का मुआवजा बेहद कम, विरोध प्रशासन के लिए बना चुनौती

*उमरिया।* जिले में जनपद पंचायत मानपुर के ग्राम पंचायत कुशमाहा के ग्रामीणों ने अपने अधिकारों के लिए बड़ा आंदोलन शुरू कर दिया है। विस्थापन के खिलाफ आवाज उठाते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन की नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ओहरिया ने जनप्रतिनिधियों और सरपंचों से चर्चा की। वहीं, मामले को समझने और समाधान निकालने के लिए वन परिक्षेत्र अधिकारी रंजन सिंह परिहार और एसडीएम को भी मौके पर बुलाया गया। सीईओ अभय सिंह ओहरिया ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया कि ग्राम पंचायत कुशमाहा के 147 आवेदनों पर विचार किया गया, लेकिन यह क्षेत्र बफर ज़ोन में होने के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह इलाका विस्थापन की प्रक्रिया में है और सरकार चाहती है कि ग्रामीण मुआवजा लेकर अन्यत्र बस जाएं,




जिससे वे सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

### ग्रामीणों का आक्रोश, मुआवजा अस्वीकार्य

प्रशासन की इस दलील को ग्रामीणों ने पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया। उन्होंने इसे जबरन विस्थापन की साजिश बताया और सरकार की नीति का कड़ा विरोध किया। वार्ड क्रमांक 11 की जनपद सदस्य सुश्री रोशनी सिंह और ग्राम पंचायत कुशमाहा के सरपंच सुरेंद्र प्रताप सिंह ने ग्रामीणों के पक्ष में खड़े होकर प्रशासन के खिलाफ आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। ग्रामीणों ने कहा कि यदि उनकी मांगे नहीं मानी जातीं, तो वे स्वेच्छा से सरकारी योजनाओं, बिजली, राशन कार्ड और अन्य सरकारी सुविधाओं का त्याग कर देंगे। उनका सवाल था कि जब चुनाव आते हैं, तो अधिकारी उन्हें मतदान के अधिकार की याद दिलाते हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाओं के मामले में उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है।

क्या 15 लाख मुआवजा पर्याप्त है?

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा दिया जा रहा 15 लाख रुपये का मुआवजा बेहद कम है। उन्होंने तर्क दिया कि क्या कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी इतनी रकम लेकर अपनी नौकरी छोडऩे को तैयार होगा? अगर नहीं, तो फिर वे क्यों अपने जल, जंगल और जमीन को छोड़ दें?

### प्रशासन के लिए चुनौती

यह आंदोलन प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। ग्रामीण साफ कह चुके हैं कि वे विस्थापन के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे और किसी भी हाल में अपनी जमीन नहीं छोड़ेंगे। प्रशासन के सामने अब सवाल है कि क्या वह अपनी विस्थापन योजना पर पुनर्विचार करेगा, या फिर ग्रामीणों को उनकी ज़मीन से जबरन हटाया जाएगा? आने वाले दिनों में इस संघर्ष का क्या परिणाम होगा, यह देखना महत्वपूर्ण होगा, लेकिन फिलहाल, ग्रामीणों का विरोध प्रशासन के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है।

# परियोजना अधिकारी की मनमानी योजनाओं का नहीं हो रहा क्रियान्वयन

भ्रष्टाचार का गढ़ बना महिला बाल विकास विभाग

**मानपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय विगत कुछ समय से अनियमितता और भ्रष्टाचार का गढ़ सा बन गया है, यहां पर इस परियोजना अधिकारी की गलत नीतियों के कारण क्षेत्र के तमाम आंगनवाड़ी केंद्रों का न तो समय पर संचालन होता और ना ही योजनाओं का क्रियान्वयन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा मनमाने पूर्वक जब चाहे तब केंद्र का ताला खोल देती हैं और जब चाहे बंद करते हैं, ना ही कोई समय है और ना ही उनके लिए कोई गाइडलाइन। ऐसे में शासन स्तर पर संचालित तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पाता, महिला बाल विकास परियोजना मानपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है, चाहे वह मुख्यालय के इर्द-गिर्द के केंद्र में हो या फिर सुदूर गांव की हर जगह मनमानी राज चल रहा है। कुछ एक को छोड़ दिया जाए तो, बाकी ज्यादातर आंगनवाड़ी केंद्र में ताला लटका रहता है, ऐसा भी नहीं कि उक्त बंद पड़े केंद्रों की स्थिति की जानकारी विभाग को ना हो कि विभाग के प्रभारी अधिकारी जानते हुए भी अनजान होकर भ्रष्टाचार को



बढ़ावा दे रहे हैं, केंद्रों का संचालन ठप्प होने से कुपोषण जैसी बीमारी का ग्राफ बढ़ रहा है, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गांव-गांव में आंगनवाड़ी केंद्र खोले गए हैं, किंतु शासन की मंशा पर पानी फेरते हुए देश के नौनिहालों एवं गर्भवती महिलाओं के हितों के साथ कुठाराघात किया जा रहा है, महिला बाल विकास अधिकारी राज नारायण सिंह के ऊपर 88 सेक्टरों का प्रभार है और उन क्षेत्रों के अंतर्गत सबसे ज्यादा अनियमितताएं बरबसपुर, ताला, मानपुर, परासी, मानपुर के केंद्रों का संचालन नहीं हो पा रहा जहां की कार्यकर्ता हैं। अपने साहब की खुशामद कर महज कागजों में संचालित कर रही हैं।

आज से चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन

# उपार्जन सेवा सहकारी समिति पेंड्रा, भरौला तथा मानपुर में किया जाएगा

**कलेक्टर ने उपार्जन के पूर्व बारदाना, पेयजल तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं पूरी करनें के दिए निर्देश**



**उमरिया।** चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन 25 मार्च से उपार्जन सेवा सहकारी समिति पेंड्रा , भरौला तथा मानपुर में किया जाएगा । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने उपार्जन संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए उपार्जन एजेंसी एनसीसीएफ को निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रों में उपार्जन मूल्य सूची का प्रदर्शनी, तौल कांटे, पर्याप्त मात्रा में बारदाना तथा किसानों हेतु छाया एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिष्चित कराएं । उप संचालक किसान कल्याण संग्राम सिंह मरावी ने बताया कि चना के उपार्जन हेतु 555 किसानों ने , मसूर के उपार्जन हेतु 181 किसानों ने तथा सरसों के उपार्जन हेतु 224 किसानों ने पंजीयन कराया है । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

# बाल श्रम मुक्त अभियान की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न

**किशोर बालक से लगातार तीन घंटे से अधिक कार्य नही कराया जा सकता**

**उमरिया।** एक्सेस टू जस्टिस फार चिल्ड्रन्स परियोजना के तहत बाल श्रम मुक्त अभियान की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई । कलेक्टर ने कहा कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी व्यवसाय या प्रक्रिया में शामिल करना बाल श्रम की श्रेणी में आता है । अधिनियम 3 एवं 3(क) के तहत यह दंडनीय अपराध है । 14 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों को खतरनाक व्यंवसायों एवं प्रक्रियाओं में नियोजित करना पूर्णतः प्रतिबंधित है । किशोर बालक से लगातार तीन घंटे से अधिक कार्य नही कराया जा सकता । आपने कहा कि बाल श्रम मुक्त अभियान के तहत जिले में क्रेसर, पोर्टल, गैरेज तथा दुकानों एवं निर्माण कार्यों में अभियान चलाकर जांच कराई जाए तथा नियोजित बच्चों को सीडब्ल्यूसी के माध्यम से मुक्त कराकर उनका पुर्नवास कराया जाए एवं फालोअप किया जाए । स्कूल शिक्षा विभाग का दायित्व है कि जो बच्चे ज्यादा समय तक अनुपस्थित रहते है या शाला अप्रवेशी है उनकी सूची श्रम विभाग को सौंपे ।

बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष शशि शुक्ला गौतम ने कहा कि जो बच्चे रेस्क्यू किए जाते है उन्हें आंगनबाडी केन्द्रों या



छात्रावासो मे प्रवेश दिलाया जाए तथा उन्हें जोखिम पूर्ण कार्यो से नही जोडा जाए । स्वयं सेवी संस्था हार्ड के संचालक सुशील शर्मा ने कहा कि बाल श्रमिक प्रमुख रूप से रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड, सार्वजनिक स्थानो, मंदिर, चौपाटी, होटल, ढाबो, ईटा भटटा, निर्माण स्थल, टायर एवं पंचर की दुकान एवं अन्य लघु व्यवसायों में नियोजित पाए जाते है । ऐसे बाल श्रमिकों को नियोजित करनें पर धारा 14ए तथा 14ए क के तहत 6 माह की अवधि का कारावास , जिसे दो वर्ष तक बढाया जा सकता है तथा 20 हजार से 50 हजार रूपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। माता पिता इस अपराध को दोबारा करते है तो उन पर भी 10 हजार रूपये का जुर्माना लगाया जा सकता है । शासन व्दारा बचाव दल के लिए टीम गठित की गई है जिसमें पुलिस अधिकारी भी शामिल है । निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों से सिविल ड्रेस मे जाने का आग्रह किया । इसी तरह जो बच्चे रेस्क्यू किए जाते है उनकी पहचान , उनकी फोटो तथा उनकी डिटेल सार्वजनिक करना अपराध की श्रेणी में आता है । सामाजिक पुर्नवास के लिए बाल कल्याण समिति के समक्ष पीडित बच्चे को प्रस्तुत करने पर उन्हें बाल गृह , उपयुक्त कौशल केंद्र , उपयुक्त व्यक्ति अथवा पालन पोषण गृह को सौंपा जाना चाहिए । साथ ही उनके शैक्षिक पुर्नवास , आर्थिक मुआवजे की भी व्यवस्था की जानी चाहिए । श्रम निरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि समय समय पर अभियान चलाकर संस्थाओं में जांच की कार्यवाही की जाती है तथा हार्ड संस्था के सहयोग से जन जागरण के कार्यक्रम भी संचालित किए जाते है । इस अवसर पर गजराज सिंह तथा साक्षी पटेल जिला विधक सहायता ने भी अपने विचार व्यक्त किए । बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा एस बी चौधरी , समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का अधिकारी तत्परता से करें निराकरणः कलेक्टर



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों को विभिन्न स्थलों पर आम जनता की शिकायतों को सुनने तथा उनका निराकरण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारी तत्परता से करते हुए जिला स्तर से बनाएं गए पोर्टल पर निराकरण दर्ज कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्तत पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

# विधि सलाहकार पीएम जन योजना की ली जानकारी

उमरिया।

विधि सलाहकार राजभवन भोपाल विक्रांत सिंह ने पीएम जनमन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत लोढ़ा की ग्राम बरहा टोला में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लोगों के बीच पहुंचकर उनसे जनमन योजना के क्रियान्वयन तथा प्राप्त होने वाले लाभों की जानकारी प्राप्त की। आपने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना इस दौरान उन्होने ग्रामीणों से पेयजल, राशन दुकान की दूरी, सडक़, माध्यमिक शाला, मनरेगा की राशि का भुगतान आदि के संबंध में पूछताछ की । इस दौरान बताया गया कि नल कनेक्शन तो है लेकिन उंचाई अधिक होने के



कारण पानी पहुंच नही पा रहा है । इस पर विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर इस समस्या के समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

चर्चा के दौरान लोगों ने बताया कि राशन दुकान उनके टोला से 6 किलोमीटर दूर मेन रोड के उस पार में स्थित है। जहां से उन्हें एक बार राशन प्राप्त करने में कम से कम तीन दिन का समय लगता है। कोटेदार एक दिन कार्ड जमा करा लेता है। फिर नंबर आने पर राशन देता है। इस तरह से उनका लगातार तीन दिन जाना पड़ता है। इससे उनके काम व मजदूरी का भारी नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए उनके मोहल्ले में ही एक दुकान या उसी दुकान की शाखा खुल जाएगी तो उनका समय बचेगा और सुविधा भी होगी। मुख्यमंत्री गौसंवर्धन योजना अंतर्गत एक गौशाला, मुर्गी पालन एवं अन्य योजनाओं का लाभ दिए जाने के निर्देश दिए तथा आगामी समय में एक विभागीय शिविर करने के निर्देश दिए। जिसमें उन्हें भी शामिल करने को कहा जाए। इस अवसर पर पंचायत सचिव ओमप्रकाश तिवारी सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

# ई-रायल्टी के क्लियरलेंस के बाद ही जारी करें खनिज क्लियरलेंसः कलेक्टर

उमरिया

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने खनिज राजस्व की समीक्षा करते हुए संबंधित निर्माण विभागों को निर्देश दिए है कि ई रायल्टी के क्लियरलेंस के बाद ही निर्माण विभाग संबंधित ठेकेदारों को खनिज क्लियरलेंस जारी करें। जिला खनिज अधिकारी फरहद जहां ने बताया कि कुछ निर्माण विभागों में खनिज क्लियरलेंस में आपत्ति दर्ज कराई गई है । संबंधित विभाग खनिज विभाग से आपत्तियां प्राप्तं कर उनका निराकरण सुनिष्चित कराएं । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , सहित विभिन्न निर्माण विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## जमीनी विवाद को लेकर दर्ज हुई शिकायत

**कोतमा।** थाना अंतर्गत सेमरिया गांव में रहने वाले हरी गुप्ता के द्वारा बसंत सहित अन्य लोगों पर जमीनी विवाद करने एवं जबरन कब्जा किए जाने को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच पूर्व से गांव की ही स्थित जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद बना हुआ है। जिसके बाद विवाद बढ़ने सहित गाली गलौज के साथ अभद्रता किए जाने को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों से दस्तावेज को मंगाते हुए जांच की जा रही है।

## मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत में दो घायल

**कोतमा।** हाईवे रोड में सड़क हादसे की घटना कम होने का नाम नहीं ले रही है। सड़क दुर्घटना में नवाटोला के पास दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो लोग रवि कुमार 32 एवं रविन्द्र 34 को गंभीर चोट आई है। हाईवे पर दुर्घटना के बाद भारी भीड़ एकत्र हो गई जिसके बाद सूचना शिवांश सिंह को मिलने पर उनके द्वारा अपने निजी वाहन से घटनास्थल पहुंच दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में भर्ती कराया गया। घायल रवि 32 वर्ष को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल अनूपपुर रेफर किया गया। जबकि रविन्द्र को भर्ती कर उपचार किया गया।

# नहीं चुकाया 25 लाख का लोन, हुई कुर्की की कार्यवाही

**कोतमा।** कोतमा नगर के केदार पात्र दुकान के संचालक ताम्रकार ने व्यापार के लिए ए यू बैंक कटनी से 25 लाख का लोन लिया था, किन्तु कुछ समय बाद संचालक ने लोन की किस्त देना बंद कर दिया बैंक के अधिकारियों ने



कई बार नोटिस भेजा किन्तु संचालक ने अपनी सेहत का हवाला दिया और किसी प्रकार का कोई पेमेन्ट नहीं कर सके। इसके बाद बैंक ने धारा 14के अंतर्गत कलेक्टर के यहाँ अपील की और कुर्की का आदेश लिया। शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर कब्ज़ा लिया गया । इस दौरान ए यू बैंक लिमिटेड से कब्ज़ा मे उपस्थित तहसीलदार कोतमा ईश्वर प्रधान थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह मरावी पुलिस समस्त बल के साथ उपस्थित थे बैंक प्राधिकृत अधिकारी शिवम मांझी, प्रथमेश सिंह गहरबार, रोहित सिंह एडवोकेट शिखा सिंह, शिवम समारी एवं पे मी फाइनेंसियल सर्विसेज के संचालक सी पी परिहार, सरकार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में हंशिका आहूजा ने की सहभागिता



**जैतहरी ।** मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र ओलंपियाड 2024-25 की भोपाल में 20 - 21 मार्च को आयोजित राज्य स्तर अंग्रेजी ओलंपियाड की परीक्षा में अनूपपुर जिले से जैतहरी के प्राथमिक विद्यालय गोबरी की छात्रा कुमारी हंशिका आहूजा ने अंग्रेजी विषय की वर्ड पावर चैंपियनशिप परीक्षा में सहभागिता करते हुए विद्यालय को सम्मान दिलाया है। हंशिका आहूजा पिता अमित कुमार आहूजा कक्षा 5 में पढ़ती है और कम उम्र में ही बहुत ही होनहार होने के साथ साथ ऊर्जावान छात्रा है। विदित है कि इसके पूर्व भी शासकीय प्राथमिक विद्यालय गोबरी के संकुल प्रभारी हर प्रसाद तिवारी, सीएसी जितेंद्र कुमार गुप्ता, शिक्षक इमरान खान तथा शिक्षिका गिरिजा सोनी के कुशल मार्गदर्शन में विद्यालय स्तर पर, ब्लॉक स्तर पर और जिला स्तर पर आयोजित ओलंपियाड परीक्षा में हंशिका आहूजा ने अंग्रेजी विषय और गणित विषय में अनूपपुर जिले में प्रथम स्थान अर्जित किया था। हंशिका आहूजा के अनूपपुर जिले में प्रथम स्थान लाने एवं राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड वर्ड पावर चैंपियनशिप में सहभागिता लेने पर विद्यालय के शिक्षकों ने तथा सिन्धी समाज के सभी लोगों ने बधाई देते हुए और भी आगे अच्छी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने हेतु शुभाशीष दिया। हंशिका आहूजा ने राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड वर्ड पावर चैंपियनशिप में सहभागिता करते हुए जैतहरी नगर व शासकीय प्राथमिक विद्यालय गोबरी को सम्मान दिलाया है।

## राजेन्द्रग्राम पुलिस ने गुमशुदा को उत्तर प्रदेश से किया दस्तयाब

**राजेन्द्रग्राम।** सूचनाकर्ता खोजू सिंह मरावी पिता रामलाल मरावी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम सोनहरा थाना राजेन्द्रग्राम जिला अनूपपुर का रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरी भांजी 20/03/2024 को दिन मे करीबन 3.00 बजे घर से बिना बताये कहीं चली गयी है जो आज दिनांक तक वापस नही आई जिसकी पता तलाश आस पड़ोस नात रिस्तेदारो में लगातार किये किन्तु कोई पता नही चल रहा है कि सूचना पर गुमइंसान क्रमांक 01/2025 कायम कर गुमसुदा की पता तलाश की गयी। गुमसुदा को 20/03/2025 को ग्रेटर नोएडा सुनपुरी (उ.प्र.) से दस्तयाब किया जाकर गुमसुदा के परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# पुलिस चौकी फुनगा ने नाबालिग को किया दस्तयाब

**फुनगा।** पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदेश-भर में ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है उक्त के पालन में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के द्वारा जिला अनूपपुर में नाबालिक बालक-बालिकाओ की दस्तयाबी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य व थाना प्रभारी



भालूमाड़ा संजय खलको के दिशा नेतृत्व में ऑपरेशन मुस्कान के तारतम्य में किया दस्तयाब- नाबालिक बालक-बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया जा रहा है। इसी अनुक्रम मे अभियान के तहत थाना भालूमाड़ा के अपराध क्र. 58/25 धारा 137 (2) बीएनएस की 17 वर्षीय अपता की माँ के द्वारा दिनांक 11.02.25 को इस आशय की रिपोर्ट किया कि इसकी नाबालिग पुत्री उम्र 17 वर्ष 11 माह की घर से लापता है। सूचना को संवेदनशीलता से लेते हुए विवेचना के दौरान नाबालिक लड़की परिवर्तित नाम पूजा को दिनांक 23.03.25 को नानाखेड़ा उज्जैन जिला उज्जैन दस्तयाब कर लिया गया है जिसे बाल कल्याण समिति अनूपपुर के माध्यम से बाद काउंस्लिंग परिजनो के सुपुर्द कराया जायेगा। दस्तयाबी की कार्यवाही से परिजनों के द्वारा काफी खुशी व्यक्त करते हुए अनूपपुर पुलिस की सराहना की है। दस्तयाबी की उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी फुनगा उपनिरीक्षक सोने सिंह परस्ते, स.उ.नि. कोमल अरजरिया, आर.345 राकेश कनासे, आर. 348 वीरसिंह पाल शामिल रहे।

# श्रीमती आकांक्षा राजा देवानी ने ऑल इंडिया बार काउंसिल परीक्षा में हासिल की सफलता

**बिजुरी।** लॉ की डिग्री पूरी करने के बाद होने वाली ऑल इंडिया बार काउंसिल (AIBE) परीक्षा में बिजुरी नगर की श्रीमती आकांक्षा राजा देवानी ने सफलता हासिल की है। यह परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर हर साल आयोजित होती है। इस बार भी परीक्षा हुई, जिसमें श्रीमती आकांक्षा राजा देवानी ने भाग ली और उत्तीर्ण हुईं। इस परीक्षा के लिए लॉ की डिग्री अनिवार्य होती है। आकांक्षा राजा देवानी ने अपनी लॉ की पढ़ाई संस्कार कॉलेज अनूपपुर अवधेश प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी से पूरी की है। फिलहाल उसी कॉलेज से एलएलएम अंतिम सेमेस्टर की तैयारी कर रही है। श्रीमती आकांक्षा राजा देवानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पति राजा देवानी व अपनी सासू माँ तथा अपने दोनों बच्चों को दिया है। श्रीमती आकांक्षा राजा देवानी को मिली सफलता पर परिवार और मित्रों ने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कियें है।



## बिजुरी पुलिस ने करीब 2 वर्ष से फरार वसूली वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया

**बिजुरी।** वसूली वारंटी अभियान के तहत थाना बिजुरी की टीम द्वारा प्र0क्र 2/25धारा 125 (3) के अनावेदक बेसाहू पिता अचन दास उम्र 30 वर्ष निवासी लोहसरा का पता तलाश किया गया जो काफी समय फरार चल रहा था जिसको ग्राम लोहसरा से गिरफ्तार कर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी कोतमा मे पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही मे प्रदीप अग्निहोत्री ईश्वर यादव, लक्ष्मण डांगी रवि सिंह और महिला आर संगम तोमर की सराहनीय भूमिका रही।



## अवैध हथियारों से लैस होते हैं हाईटेक चोर

# भालूमाडा में चोरों का आतंक, व्यापारी आमजन दहशत में




भालूमाड़ा

नगर में इन दिनों चोरी की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है चोरों के आतंक से नगर के आम नागरिक व्यापारी सभी लोग काफी चिंतित नजर आ रहे हैं आए दिन घरों में चोरियां दुकानों में चोरियां और किसी भी चोर का ना पकडा जाना सबसे बड़ा चिंता का विषय बनता जा रहा है और यही कारण है कि चोरों के हौसले बढ़ते ही जा रहे हैं अब तो घरों में आम आदमी सुरक्षित नहीं है व्यापारी भी अपना दिन भर का कारोबार करने के बाद जब दुकान बंद करके घर जाता है तब भी उसे यही चिंता सताती रहती है कि उसकी दुकान उसका व्यापारिक प्रतिष्ठान सलामत रहे।

नगर के बाजार दफाई पुरानी नगर पालिका रोड में स्थित अंसारी स्टूडियो में 21 22 मार्च की मध्य रात्रि चोरों ने दुकान में लगी सीट को तोड़कर दुकान के अंदर से लाखों रुपए के कैमरा चार्जर प्लेस इत्यादि समान ले गए इसके पूर्व वार्ड क्रमांक 14 में घर से लाखों रुपए के जेवरात नगदी चोरों ने पर किए थे वहीं आए दिन किसी न किसी छोटी-मोटी दुकान का भी ताला टूटता ही रहता है आम आदमी के उपयोग आने वाली चीज घरों में रहती हैं जहां भी आए दिन किसी न किसी घर में चोरी की घटनाएं सामने आती रहती हैं आलम यह है कि चोर अब हर रात किसी न किसी घर को या किसी न किसी दुकान को अपना निशाना बना रहे हैं। 21 व 22 मार्च की मध्य रात्रि अंसारी स्टूडियो में चोरों ने ऊपर से सीट काट कर दुकान के अंदर सीलिंग को भी काट कर प्रवेश किया और दुकान में रखे लाखों रुपए के कैमरे चार्जर प्लेस व इलेक्ट्रानिक सामान लेकर फरार हो गए ,उस दिन बताया गया कि थोड़ा मौसम खराब था और रात में भी लगभग 12 से 3 बजे तक लाइट बंद थी और इसी का भी फायदा चोरों ने उठाया अंसारी स्टूडियो के बगल से गुप्ता पुस्तकालय में भी चोरों ने छेड़छाड़ की जिनके दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा को ऊपर नीचे किया गया वहीं आसपास के दुकानदार भी इस बात से डरे हुए हैं कि कब उनके दुकान का ताला टूट जाए 21-22 की मध्य रात्रि दुकान के पीछे स्थित समीम मेडिकल का आवास है जहां पर भी उनके सीसीटीवी कैमरे से चोरों ने छेड़छाड़ की और कैमरे का फोकस दूसरी और घुमाया उनके बाउंड्री में कांच के टुकड़े लगाए गए हैं जिन्हें भी तोड़कर अंदर प्रवेश करने का प्रयास किया गया था वही इन्हीं के घर के पास लगभग 20-25 दिन पहले भी रात्रि एक से 1:30 के बीच उन्हें आहट की आवाज सुनाई दी तो उन्होंने देखा की चार-पांच लोग वहां पर खड़े थे और उन्होंने हिम्मत करके उन लोगों से पूछा क्या कर रहे हो तब तक वे लोग पीछे की तरफ भाग गए जाने के बाद समीम भाई ने पुलिस को फोन किया और पुलिस की गाड़ी भी आई जहां पर कुछ कबाड़ पाया गया। इस स्थान पर जो साप्ताहिक बाजार का मैदान है सामने बाजार बगल से आवास और पीछे की तरफ पूरा खुला मैदान है जो जंगल की ओर जाता है और इस स्थान पर आसानी से कोई भी अज्ञात आ जा सकता है हालांकि पुलिस द्वारा रात्रि गस्त तो की जाती है लेकिन रात्रि गस्त में जब गाड़ियां गुजरती है और गाड़ी की सायरन की आवाज आती है तो सुनकर चोर अपने आप को सुरक्षित कर लेते हैं और गाड़ी निकल जाने के बाद फिर यह अपने काम को अंजाम देते हैं। पुलिस की गाड़ी भी रोड में ही चलती रहती है। जिससे चोरों को कोई फर्क नहीं पड़ता। नगर में जिस प्रकार से चोरी की घटनाएं सामने आ रही है उससे तो अब यही लगता है कि यह कोई साधारण चोर नहीं बल्कि शातिर चोर है जिन्हें दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी जानकारी है कि उससे कैसे बचना है वही सूत्र यह भी बताते हैं कि इन चोरों के पास अवैध हथियार भी होते हैं।।

## पेड़ पर लटका मिला युवती का शव

शहडोल। जिले के अमलाई थाना क्षेत्र के बिछिया नदी के समीप एक युवती का शव पेड़ में फंदे से लटका मिला। मृतिका की पहचान 22 वर्षीय हेमलता केवट के रूप में हुई है, जो पिता प्रेम लाल केवट की पुत्री है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार हेमलता का शव एक पेड़ से लटका हुआ पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। उन्होंने बताया हमने मामले पर मर्ग कायम कर लिया है और पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की अन्य जानकारी स्पष्ट हो सकेगी। कुछ लोगों का मानना है कि हेमलता ने आत्महत्या की है, जबकि अन्य इसे एक संदिग्ध हत्या मानते हैं। स्थानीय निवासी ने कहा कि यह एक दुखद घटना है। हमें यकीन नहीं हो रहा कि एक युवा लडक़ी ने ऐसा कदम उठाया।

**इनका कहना है...**

पुलिस ने फिलहाल मामले की जांच शुरू कर दी है और आस-पास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। हम सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। परिवार के सदस्यों से भी बातचीत की जाएगी, ताकि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। अभी मर्ग कायम किया गया है।

**जय प्रकाश शर्मा**
थाना प्रभारी, अमलाई

## पति ने किया जिंदा जलाने का प्रयास, झुलसी पत्नी

उमरिया। जिले के नौरोजाबाद थाना अंतर्गत ग्राम हड़हा में आरोपी पति बिन्नू बैगा ने पहले तो बेरहमी से अपनी ही पत्नी बिसरती बैगा के साथ जमकर मारपीट कर लहूलुहान किया, फिर भी मन नही भरा तो चने की फसल के ऊपर लहूलुहान पत्नी को आग के हवाले कर दिया। हालाकि पीड़िता जीवित बच गई , जिसे 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया है, जहां पीड़ित महिला जिंदगी और मौत से लड़ रही है। खबर यह भी है कि इस पूरी वारदात को अंजाम देकर आरोपी पति फरार हो गया है। खबर है कि इस दर्दनाक हादसे के बाद जिला अस्पताल में इलाज के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों ने पीड़ित महिला का मृत्यु पूर्व बयान भी लिया है। सूत्रों की माने तो बैगा समाज की आदिवासी पीड़ित महिला हड़हा के बजरंगबली मोहल्ले की है, जो कई दिनों से शराबी पति की प्रताडऩा की शिकार थी, रविवार की रात निर्दयी पति ने बेदर्दी से मारपीट कर जिंदा जलाने का प्रयास किया है, जिसमे 50 फीसदी से अधिक महिला अग्नि दग्धा की शिकार बताई जा रही है। हालांकि बड़े पुत्र रमेश बैगा की माने तो मां की तबियत ज्यादा खराब है, अपेक्षाकृत खास सुधार नही है, इस पूरे मामले में एक गंभीर विषय यह भी है कि आरोपी पति रविवार की शाम से ही घर पर पत्नी के साथ जुल्म कर रहा था, परन्तु किसी स्थानीय ग्रामीणों ने आरोपी पति के इस बर्ताव का विरोध नही किया, बाद में महिला जब अग्निदग्धा की शिकार हुई तो, पूरा गांव घर पहुंच गया और घायल अवस्था में किसी तरह महिला को जिला अस्पताल भेजा गया है।

## दो हाइवा भिड़े, खलासी जबलपुर रेफेर

उमरिया। कोतवाली थाना अंतर्गत पुलिस लाइन के करीब हाइवे पर दो हाइवा भिड़ गये, हादसे में हाईवा के खलासी को गंभीर चोट आई है, बताया जाता है कि दुर्घटनाग्रस्त हाइवा में रेत लोड रही है, जो परिवहन के लिए अंयत्र जा रही थी। सूत्रों की माने तो घायल खलासी अमहा निवासी राहुल पिता अच्छे लाल यादव उम्र 18 वर्ष है, हादसे में इसके पैर गम्भीर रूप से जख्मी बताये जा रहे है, घटना के बाद घायल कों 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया था। जहां प्राथमिक उपचार कर जबलपुर रेफर किया गया है।

# मृतक कोदी बाई पाव के आश्रित को एक करोड रू एक्सग्रेसिया 15 लाख और रोजगार देने की मांग

### अंतिम संस्कार में नहीं पहुंचा प्रबंधन का कोई व्यक्ति



बदरा। एसईसीएल के ज़मुना कोतमा क्षेत्र मे कार्यरत ज़न रल मजदूर श्रीमती कोदी बाई पाव, उम्र 58 वर्ष कोल इन्डिया के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के 22 मार्च की शाम को गेस्ट हॉउस मे आगमन की तैयारी मे भोजन निर्माण कार्य मे संलग्न थी। उसकी ड्यूटी सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक था दोपहर 12 बजे उसे बेचैनी महसूस हुआ और चक्कर आया उस वक्त क्षेत्र के कई बड़े अधिकारी गेस्ट हॉउस मे मौजूद थे एवं कई वाहन भी परिसर मे थे किंतु प्रबंधन की लापरवाही एवं एक श्रमिक के प्रति उदासीन आचरण के कारण उसे एक साधारण से कमरे मे रेस्ट करने के लिये भेज दिया गया किंतु उसके बाद किसी ने उसकी सुध नही लिया जबकि 5 मिनट की दूरी मे क्षेत्रीय चिकित्सालय स्थित हैं किसी अधिकारी ने कोई मदद उसका नही किया, क्योकि वह एक मजदूर आदिवासी महिला थी 2.30 बजे दोपहर के बाद कोई कर्मी उसको देखने गया तब उसे अचेत देख चिकित्सालय ले जाया गया चिकित्सालाय के रिकार्ड मे अंकित समायानुसार 3.10 बजे दोपहर चिकित्सालय लाया गया जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित किया इसी तरह किसी अधिकारी के साथ हुआ होता तब तुरंत चिकित्सा सुविधा देते हुये क्षेत्र के पूरे अधिकारी सहयोग मे एकत्र हो ज़ाते इस मामले मे ज़मुना कोतमा क्षेत्र के कोयला मजदूर सभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने बताया की यह घटना बहुत ही दुखद हैं एक आदिवासी महिला के साथ प्रबंधन ने भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया है जिससे एक आदिवासी महिला श्रमिक की मौत हुई हैं जिसकी जांच हेतु उच्च प्रबंधन को संघ शिकायत करा जांच की मांग करेगा. श्रीमति कोदी बाई के आश्रित को कंपनी के प्रावधान अनुसार 1 करोड रूपये और एक्सग्रेसिया का 15 लाख रूपये और एक आश्रित को एक माह के भीतर रोजगार देने की मांग संघ करता हैं और भविष्य मे पीडित परिवार को संघ पूर्ण सहयोग करेगा ताकि क्षेत्र के हमारे श्रमिक कर्मी के आदिवासी परिवार को न्याय मिल सके।

### मृतक परिवार से मिलकर न्याय दिलाने का दिया भरोसा श्रीकांत शुक्ला

मृतक कोदी बाई पाव को प्रबंधक द्वारा किसी प्रकार कि सहायता न मिलने पर एचएमएस संगठन के अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने प्रबन्धन कि रव्या देखा गया एवं बिना किसी देरी के तुरंत उनके निज़निवास, दरका टोला जो केसवाही रोड सेमरिया चौराहा पहुँच कर उनके परिवार कि सदस्यों से मिले एवं शोक मे डूबे मृतक के परिवार को संतावना श्रीकांत शुक्ला कौशलाधीश द्विवेदी, सहायक सचिव जेसीसी सदस्य उमेश मिश्रा एवं पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारी हटकेश्वर मिश्रा द्वारा दिया गया एवं मृतक के परिवार को संतावना देते हुए कंपनी द्वारा मृतक के परिवार को देह संस्कार के लिए 1 लाख 15 हज़ार एवं ग्रुप बीमा के तहत 1 करोड़ एवं Ex Gratia के 15 लाख रुपए के बारे में अवगत कराया गया एवं मृतक कोदीबाई के छोटे बेटे जिनकी उम्र 25 वर्ष है उसे जल्द से जल्द नौकरी दिलाने का एवं हर समय मृतक के परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिया गया जिसे देख केर मृतक का बेटा श्रीकांत शुक्ला के गले लग कर रोने लगे यूनियन द्वारा प्रबंधन के इस रवैया को की प्रबंधन के कोई भी सदस्य मृतक के परिवार से नहीं मिले इसकी निंदा कर उचित करवाही की माँग करता है जो कामगार हमारे बीच सालो से काम करते है उनके बताये समस्यों पर ध्यान न देना एवं किसी प्रकार कि सहायता न दिया जाता प्रबन्धन द्वारा किए इस रवैया को यूनियन कदाचार की श्रेणी में देखता है एवं उचित कारवाही की माँग करता है।

# 24 मार्च को मनाया गया विश्व टीबी दिवस




कोतमा।

अनूपपुर टीबी विभाग के प्रमुख व जिला क्षय अधिकारी डॉ एस सी रॉय के नेतृत्व व मार्गदर्शन में 24 मार्च को जिला अनूपपुर मेंविश्व टीबी दिवस मनाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा में भी बीएमओ डॉ मनोज सिंह के नेतृत्व में रैली निकाल कर टीबी के प्रति जागरूक किया गया। टीबी बीमारी के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। टीबी एक संक्रमण बीमारी है। माइक्रोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक बैक्टीरिया से टीबी की बीमारी उत्पन्न होती हैं। जो सावधानी न बरतने पर एक दूसरे में फैल जाती हैं। सभी शासकीय अस्पतालो में निशुक्ल बलगम की जांच, व दवा की सुविधा उपलब्ध हैं। नियमित दवा के सेवन से ये बीमारी पूरी तरह से ठीक हो जाती हैं। इस बीमारी के कुछ विशेष लक्षण हैं जिससे इसकी पहचान किया जा सकता है। जैसे रात में पसीना देकर बुखार आना, खाँसी, बलगम में खून, सीने में दर्द, वजन का कम होना आदि लक्षण को देखकर इस बीमारी की पहचान किया जा सकता है। और नजदीक की स्वास्थ्य केन्द्र में टीबी की जांच करा सकते है। अस्पताल के सभी स्टॉफ के मौजूदगी में नुक्कड़ नाटक कर लोगो को इसकी जानकारी दी गई। कोतमा बीएमओ डॉ मनोज सिंह, डॉ नाज शेख, डॉ आनंद विश्कर्मा, डॉ गणेश प्रजापति, डॉ संगीता प्रजापति, शिवकुमार नामदेव, इशरत खान, सुशीला सिंह, सीमा निराला, पूनम सराफ, मंजू केरकेट्टा, ज्योति गुप्ता, फूल सिंह ओटी आदि लोग उपस्थित रहे।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करनें के कलेक्टर ने दिए निर्देश



उमरिया

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर व्दारा सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा के पत्रों की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । आपने कहा कि विगत माह में जिन विभागों की उपलब्धि संतोषजनक नही रही है वे विभाग मार्च माह के अंत तक पुरानी सीएम हेल्पमलाइन की शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं । समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्तत पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी.आर.नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी् कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर ग्राम उजान में प्रारंभ



उमरिया।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय रणविजय प्रताप सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमरिया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला उजान, ग्राम पंचायत उजान में सात दिवसीय शिविर प्रारंभ हो गया है । षिविर के मुख्य अतिथि सरपंच, ग्राम पंचायत उजान, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विमला मरावी की अध्यक्षता में शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर शिविर का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद शाह बरकड़े और सहायक कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार एवं महाविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे, उसके बाद एनएसएस कायक्रम अधिकारी बरकड़े ने स्वागत भाषण दिया।

उद्घाटन समारोह में स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतिया भी दी। ग्राम पंचायत के सरपंच ने अपने वक्तव्य से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया एवं बताया कि षिविर लगना एक उपलब्धि है । शिविर के दौरान विभिन्न जागरुकता अभियान स्वयं सेवियों की ओर से चलाए जाएंगे। कार्यक्रम स्त्रोतों के माध्यम से स्वयं सेवियो को आवश्यक जानकारियां भी दी जाएंगी। प्राचार्य डॉ. विमला मरावी ने भी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर योजना का एक महत्वपूर्ण स्थान बताया , जो कि स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व एवं उनके मार्गदर्शन का प्रभाव युवाओ पर पड़ेगा। सात दिवसीय विषेष षिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्वज कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा फहराया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना का गायन किया गया। शिविर की महत्वपूर्ण भूमिका में अधिनायक शिवांश सिंह सेंगर, सचिव विनोद सेन का योगदान महत्वपूर्ण रहा। शिविर मे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवी भाग ले रहे है । षिविर का समापन 27 मार्च2025 को होगा। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद शाह बरकड़े ने शिविर की रूपरेखा सभी के समक्ष रखते हुए कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

# युवाओं ने रक्तदान कर शहीदों को किया नमन



उमरिया।

शहीद दिवस पर वीर भगतसिंह जी,राजगुरु जी, सुखदेव जी को श्रद्धांजलि देने हेतु युवा टीम उमरिया द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय उमरिया में किया गया।रक्तदान शिविर का शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव व शहीद राजगुरु के चित्र पटल पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.बी चौधरी, सिविल सर्जन डॉ.के.सी सोनी, ब्लड बैंक अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी, पुलिस महिला थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी ने माला अर्पण कर शिविर का शुभारंभ किया।रक्तदान महादान के इस पवित्र मानव सेवा के कार्य में युवाओं ने रक्तदान कर इस जीवनदान सेवा कार्य में अपना अमूल्य योगदान दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.बी चौधरी व ब्लड बैंक अधिकारी डॉ.मुकुल तिवारी ने कहा कि युवाओं को इसी तरह समाज के हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।रक्त एक ऐसा दान है, जिसे केवल मनुष्य ही कर सकता है। इसे किसी भी मशीनरी द्वारा बनाया नहीं जा सकता।एक व्यक्ति द्वारा दिया हुआ रक्त 24 घंटे के भीतर दोबारा उसके शरीर में बन जाता है।हमें अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्त का विकल्प केवल मनुष्य ही है। हमारे द्वारा दिए रक्तदान से हम किसी को भी जीवनदान दे सकते हैं।

महिला थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी ने कहा कि यह एक ऐसा दान है, जिसके लिए आर्थिक रूप से मजबूत होने की जरूरत नहीं।हमें अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्त का विकल्प केवल मनुष्य ही है। हमारे द्वारा दिए रक्तदान से हम किसी को भी जीवनदान दे सकते हैं।

हिमांशु तिवारी ने बताया कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह ने महज 23 वर्ष की उम्र में देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे. 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी. उनकी यादों को ताजा रखने के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है।उन्होंने बताया कि जिस तरह से इस देश के लिए शहीदों ने अपना खून बहाया है, उसी तरह हमें भी इस देश के लिए अपना खून देना चाहिए, जिससे किसी की जान बचाई जा सके।कभी भी डिलीवरी, थैलिसीमिया, दुर्घटना या बीमारी का शिकार कोई भी हो सकता है।रक्तदान के महत्व को बताते हुए कहा कि, प्रक्तदान ही महादान है, क्योंकि इसका निर्माण केवल मानव शरीर में ही हो सकता है।इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन वीरेंद्र शर्मा, अंजलि दद्गवंशी, रक्त वीर हिमांशु तिवारी, रक्त वीरांगना खुशी सेन, महक सोनी, लक्ष्मी महोबिया, मणिदीप मिश्रा, खुशबू बर्मन, दीपू सेन,,शुभम रौतेल, दिशांत प्रधान, बबलू रजक ,सागर कोल , पुष्पेंद्र पाठक,राजेंद्र सिंह ,सौरभ पांडे ,शुभम यादव ,मुस्कान महोबिया,मणिदीप मिश्रा ,कपिध्वज सिंह व सभी रक्तदाता उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर के समापन में पुलिस महिला थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी व लैब टेक्नीशियन ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया।

## हायर सेकेण्डरी की राजनीति शास्त्र विषय की परीक्षा संपन्न

उमरिया। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल व्दारा आयोजित हायर सेकेण्डारी की राजनीति शास्त्र की परीक्षा जिले के 11 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। परीक्षा में कुल दर्ज 2324 परीक्षार्थियों में से 2259 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी वहीं 65 परक्षार्थी अनुपस्थित रहे । परीक्षा में किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुए। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण दलों द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी मण्डल परीक्षा अभय सिंह द्वारा मण्डल के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा प्रश्नपत्र थाने से निकालने एवं परीक्षा केन्द्र तक ले जाने व परीक्षा केन्द्र में मोबाईल एप के माध्यम से किये जाने वाले कार्य की मॉनीटरिंग की गई व समय पर सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में जानकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की ओर भेजने के निर्देश दिये गये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मण्डल परीक्षा से संबंधित समस्त गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुये निरंतर सभी कार्यों की मॉनीटरिंग प्रतिदिन की जा रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी व ए.डी.पी.सी. बी.एस. मरावी तथा ए.पी.सी. विनीत कुमार के.व्ही. द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. ताला , शा. हाई स्कूल पनपथा, शा.उ.मा.वि. अमरपुर , एवं शा. उमावि पडवार का निरीक्षण किया गया। परीक्षा शांति पूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होना पायी गयी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्था एवं संचालन मंडल के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पायी गयी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया। परीक्षा केन्द्रों पर 144 धारा लगाने के फलस्वरूप बाहय भीड़ एवं असमाजिक तत्वों की भीड़ नहीं दिखाई दी। परीक्षायें शांति पूर्ण संचालित पायी गयी ।

बेनतीजा बैठक के बाद आक्रोशित नागरिकों ने अपनाया अनशन का मार्ग

# डॉक्टरों की मांग व अस्पताल मे फैली अव्यवस्था को लेकर आमरण अनशन प्रारंभ

## मंत्री के भ्रमण व कड़ी फटकार के बाद भी नही हो सका कोई सुधार





कोतमा

वर्षों से डॉक्टरों की कमी और अपनी लचर व्यवस्थाओं को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा के सामने सोमवार से नागरिकों द्वारा विरोध प्रदर्शन करने के बाद आमरण अनशन शुरू कर दिया गया। प्रथम दिन पूर्व पार्षद देवशरण सिंह एवं दीपक पटेल के द्वारा आमरण अनशन की शुरुआत की गई। जिसमें पूरे दिन नगरवासी पहुंचते हुए अपना समर्थन देते रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी भी लगातार अनशन स्थल पहुंचते रहे। नगरवासियों के द्वारा अनशन की सूचना पूर्व में ही जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग को दी गई थी। जिसके बाद 2 दिनों पूर्व सीएमएचओ द्वारा कोतमा में नागरिकों से बात की गई जिसमें डॉक्टरों की पदस्थापना सहित व्यवस्था में सुधार पर चर्चा होती रही। आखिरकार बैठक बेनतीजा रहा और आक्रोशित नागरिकों के द्वारा नगर में प्रदर्शन के बाद आमरण अनशन शुरू कर दिया गया। अनशनकारी देवशरण सिंह एवं दीपक पटेल ने बताया कि जिले की आर्थिक नगरी के रूप मे सबसे प्रमुख नगर कोतमा माना जाता है जहां मात्र 2 डॉक्टर के भरोसे हजारों की आबादी निर्भर है। डॉक्टरों की कमी के कारण अस्पताल रेफर केंद्र बनकर रह गया है। नियमित एंबुलेंस नहीं उपलब्ध होती है जिससे मरीज असुविधा का सामना करते है। शासन द्वारा करोड़ों रुपए दवाई के नाम पर खर्च किए जाते हैं उसके बाद भी मरीज को रेबीज, टिटनेस, सर्दी, बुखार, उल्टी जैसी सामान्य दवाई के लिए भटकना पड़ता है।

### डॉक्टरों की भारी कमी

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में 4 पद महिला रोग, शिशु रोग, हड्डी सहित एक अन्य विशेषज्ञ डाक्टर होने चाहिए जो पिछले कई वर्षों से एक भी विशेषज्ञ डाक्टर नहीं है। इसी प्रकार 6 एमबीबीएस डॉक्टर की जगह मात्र 3 ही है जिनमें एक डॉक्टर मेडिकल लीव पर है। बीएमओ एवं फार्मासिस्ट जैसे महत्वपूर्ण पद भी वर्षों से रिक्त पड़े हुए है।

# अलग-अलग जंगल मे मिली दो लाश, हत्या की आशंका

## पुलिस की तफ्तीश जारी, दोनों मृतक छत्तीसगढ निवासी



अनूपपुर

अनूपपुर जिले के कोतवाली थाना और चचाई थाना अंतर्गत 25 तारीख की सुबह अलग अलग स्थानों पर दो युवकों की लाश मिली। एक लाश कोतवाली के ग्राम बरबसपुर से भोलगढ़ पगडंडी मार्ग में वही दूसरी लाश चचाई थाना अंतर्गत विवेकनगर के जंगल मे नीलकंठ उम्र लगभग 26 वर्ष दोनो निवासी प्रतापपुर जिला बेमेतरा छत्तीसगढ के रहने वाले हैं। 30 वर्षीय युवक के शव को पुलिस ने बरामद किया है वही दूसरी लाश चचाई थाना अंतर्गत मिली जिसमे दोनो की हत्या की आशंका है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनो मृतक छत्तीसगढ निवासी हैं तथा दोनो ही युवकों की हत्या प्रेम प्रसंग के तार जुडे होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। स्थानीय व्यक्ति द्वारा की गई है। फिलहाल उक्त दोनो हत्या पर पुलिस तफ्तीश जारी है। घटनास्थल पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी ने बताया कि अनूपपुर मे मिले मृतक की पहचान रवेन्द्र खांडे पिता कलम प्रसाद खंडे उम्र करीब 22 साल निवासी ग्राम धोलाभाटा खुर्द, पोस्ट प्रतापपुर जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ का बताया जा रहा है वही दूसरी लाश नीलकंठ नामक युवक की बताई जा रही है। घटना स्थल पर एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा, कोतवाली टीआई, चचाई टीआई, डॉग स्कॉर्ट, एफएसएल टीम के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण एवं जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## कबाड़ से जुगाड़ के तहत बनाया फाइटर जेट विमान

अनूपपुर।

नगर पालिका अनूपपुर के सीएमओ भूपेंद्र सिंह भूपेंद्र सिंह एवं इंजीनियर बृजेश पांडे के प्रयास से कबाड़ से जुगाड़ के तहत कबाड़ से फाइटर जेट विमान और रोबोट, अशोक चक्र, अशोक स्तंभ जैसी चीज बनाकर लोगों के अवलोकन के लिए कलेक्टर परिसर में लगाया गया है इसके बाद अभी बहुत चीज कबाड से जुगाड़ के अंतर्गत पनडुब्बी और अधिकांश चीज कबाड़ से जुगाड़ में नगर पालिका अनूपपुर द्वारा शहर के चौक चौराहा मे लगाया जाकर सौंदर्यीकरण करने की तैयारी की जा रही है।

# स्टेशन में जरूरतमंद यात्रियों के लिए निःशुल्क बैटरी कार सेवा प्रारंभ करने की मांग

अनूपपुर।

भारतीय गण वार्ता (भगवा) पार्टी के अनूपपुर जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र कांत तिवारी द्वारा महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर से मांग करते हुए स्टेशन मास्टर रेल्वे अनूपपुर मुक्ता प्रसाद शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया है कि अनूपपुर रेल्वे स्टेशन पर जरूरतमंद यात्रियों के लिए निःशुल्क बैटरी कार सेवा की शुरुआत की जानी चाहिए जिससे जरूरतमंद यात्री स्टेशन के प्रवेश द्वार तथा प्रवेश द्वार से पार्किंग तक आरामदायक एवं सुरक्षित रूप से पहुंच सके।



ऐसे कई रेल्वे स्टेशन है जहां यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क बैटरी कार चलाने जैसी अभिनव पहल की गई है। जिसके तहत बुजुर्ग, दिव्यांग जन,गर्भवती महिलाएं,छोटे बच्चों के साथ यात्रा करने वाली माताएं एवं अन्य जरूरतमंद यात्रियों के लिए निःशुल्क बैटरी कार सेवा का लाभ मिल रहा है। श्री तिवारी ने बताया कि अनूपपुर रेल्वे स्टेशन को केंद्र के द्वारा अमृत योजना की सूची में रखकर इसका कायाकल्प किया जा रहा है, जहां रेलवे स्टेशन अनूपपुर को नया रूप प्रदान करने का कार्य प्रगति में है।इसी क्रम में यहां और भी सुविधाओं के मद्देनजर निःशुल्क बैटरी कार संचालन की मांग की गई है। यह बैटरी कार सेवा पर्यावरण अनुकूल है और प्रदूषण रहित परिवहन साधन के रूप में कार्य करेगी। अनूपपुर रेल्वे प्रशासन इस पहल के तहत यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान कर सकती है। स्टेशन परिसर में बैटरी कार के संचालन के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों को तैनात किए जाए जो यात्रियों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहें।क योंकि यह सुविधा जरूरतमंद यात्रियों को गेट से पार्किंग तक आने-जाने के लिए उपलब्ध रहेगी जिससे उन्हे अस्थायी पार्किंग तक आने जाने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। सभी जरूरत मंद यात्रियों को निशुःल्क, सुगम परिवहन की सुविधा मिलेगी इसके साथ ही उनके समय की भी बचत होगी।

## करनपठार पुलिस ने गुमशुदा को किया दस्तयाब

**राजेन्द्रग्राम।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत निरी. पी. सी कोल थाना प्रभारी थाना करनपठार के नेतृत्व में उप निरी. मंगला दुबे हमराह स्टाफ प्रआर. 155 कृष्ण कुमार पटेल के द्वारा थाना करनपठार में दर्ज गुमइंसान क्र. 21/24 की गुमशुदा - दिव्या सिंह पति दिनेश सिंह परस्ते नि. छीरपानी चौकी सरई थाना करनपठार को चौकी सरई थाना करनपठार पुलिस द्वारा गुमशुदा नाम- दिव्या बाई को ग्राम खरसौल से दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया। गुमशुदा के दस्तयाब होने में थाना प्रभारी निरी. पी. सी कोल थाना प्रभारी थाना करनपठार, उप निरी. मंगला दुबे चौकी प्रभारी, प्रआर. कृष्ण कुमार पटेल की अहम कार्य करने में योगदान रहा।

# धनगवां से गोबरी जंगल पहुंचा हाथी, पांच मकानों को किया धराशायी

अनूपपुर



एक दांत वाला नर हाथी विगत कई दिनों से क्षेत्र के इलाके में विचरण कर रहा है जो रविवार एवं सोमवार की रात पांच मकानो को तोड़कर अनाज खाते हुए सोमवार की सुबह गोबरी के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहा है वही उसका दूसरा साथी मरवाही के घुसरिया के जंगल में आज दूसरे दिन ठहरा हुआ है।

विदित है कि एक दांत वाला नर हाथी 20 मार्च की रात छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही क्षेत्र की सीमा को पार करते हुए अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके में पहुंचकर पांचवें दिन रविवार एवं सोमवार की मध्य रात्रि धनगवां के जंगल से निकल कर कुसुमहाई के झंडीटोला निवासी रामरति सिंह, बाल सिंह के मकान में तोड़फोड़ करते हुए टकहुली गांव पहुंचकर पतिलाल भैना व मंगल चौधरी, हीरालाल चौधरी के घरों में तोड़फोड़ कर घरों के अंदर रखें विभिन्न तरह की सामग्रियों को अपना आहार बनाया इस बीच कई ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा इलाके में आए हाथी को खदेड़ते हुए पचौहा के जंगल की ओर ले गए जहां से यह हाथी देर रात लहरपुर से जैतहरी नगर के पुराने बस स्टैंड के पास से रेलवे लाइन को पार कर बंजारीटोला होते हुए नगर परिषद जैतहरी के वार्ड क्रमांक 15 गोबरी रोड में स्थित एक मोहल्ले में विचरण करता हुआ की तिपान नदी को पार कर ग्राम पंचायत एवं बीट गोबरी के जंगल में सोमवार की सुबह पहुंचकर विश्राम कर रहा है। वहीं इसका दूसरा हाथी साथी मरवाही वन परिक्षेत्र के घुसरिया के जंगल 2051 में सोमवार को दूसरे दिन ठहरा हुआ है।

# प्रथम तीर्थकर भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया

## महामस्तकाभिषेक, शांति धारा भक्तांबर महामंडल विधान का धार्मिक हुआ आयोजन



**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के दिगंबर जैन सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र अमरकंटक में भी प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का पावन पुनीत जनकल्याणक महोत्सव पूरे उत्साह उमंग उल्लास पूर्ण वातावरण में भव्य आयोजन कर पूरे विधि विधान के साथ जैन समाज के लोगों ने परंपरागत ढंग से मनाया । इस पावन अवसर पर प्रातः 8 बजे आदिनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेकभिषेक शांति धारा का धार्मिक आयोजन पूरे विधान से किया गया तथा प्रातः 9 बजे अगले चरण में 1008 भक्तांबर महामंडल का भावपूर्ण भव्य अनुष्ठान पूजन अर्चन धार्मिक विधि विधान से किया गया। उल्लेखनीय है कि भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर जैन मंदिर परिसर में 12: बजे विशाल नगर भंडारा भोजन प्रसाद नागरिकों बाहर से आए भक्त श्रद्धालुओं दूरस्थ क्षेत्रों से आए भक्ति प्रेमी सज्जनों को भोजन प्रसाद लाइन में बैठकर कराया गया इसमें लगभग 5 हजार से भी अधिक लोगों ने बैठकर भोजन प्रसाद ग्रहण किया। सायं काल 7 बजे 48 दीपों का भक्तांबर पाठ एवं महा आरती किया गया। इसके साथ ही इस पावन उपलक्ष्य पर रात्रि 8: बजे जबलपुर की युवा संगीतकार खुशी जैन द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक आयोजन के तहत गीत संगीत का कार्यक्रम आयोजित हुआ। भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक महोत्सव में प्रमुख रूप से श्रीमंत सेठ प्रमोद जैन बिलासपुर धर्मेश जैन नितिन जैन पेंड्रा प्रकाश चंद जैन वीरेंद्र जैन राकेश जैन देवेंद्र जैन पंकज जैन निलेश जैन सोनू जैन मोनू जैन सीताराम जैन राजू जैन महेश जैन दया जैन ब्रह्मचारी दीपक जैन गौरव जैन सुनील जैन मनोज जैन राजेंद्र जैन आदित्य जैन महिलाओं में सुषमा जैन वंदना जैन ज्योति जैन संध्या जैन सविता जैन निधि जैन आदि प्रमुख रूप से पूजन पाठ पूजन पाठ धार्मिक विधान शांति धारा भक्तांबर आदि कार्यक्रमों में शामिल एवं उपस्थित रहे इसके साथ ही अमरकंटक नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती सिंह उईके विमला दुबे सावित्री सिंह उषा सिंह उईके दिनेश द्विवेदी जगमोहन शर्मा पत्रकार धनंजय तिवारी उमाशंकर पांडेय श्रवण उपाध्याय सोमू दुबे आदि प्रमुख रूप से जैन मंदिर के कार्यक्रम में उपस्थित होकर शामिल रहे। भोजन भंडारा शाम 5:30 बजे तक निरंतर चला रहा लोगों की भारी भीड़ इस दौरान रही।

# घायल का तत्काल उपचार कराने पर पुलिस अधीक्षक ने दिया कैश रिवॉर्ड



अनूपपुर।

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की जा रही हाईवे चौकी की बाइक पेट्रोलिंग टीम को सूचना प्राप्त हुई की पसला हाईवे पर कोई व्यक्ति गंभीर रुप से घायल है। पेट्रोलिंग टीम तत्काल मौके पर पहुंची और गंभीर रुप से घायल व्यक्ति को प्राथमिक सहायता देकर तत्काल जिला चिकित्सालय उपचार हेतु पहुचाया, जहाँ अस्पताल चौकी थाना कोतवाली में पदस्थ आरक्षक आशीष तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए घायल का इलाज कराया और परिजनों से संपर्क कर उनकी सहायता की। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर ने गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का तत्परतापूर्वक उपचार कराने वाली पूरी टीम सूबेदार विनोद दुबे, आरक्षक कपिल सोलंकी, विवेक मिश्रा एवं आशीष तिवारी को कैश अवार्ड से पुरस्कृत किया एवं इसी तरह टीमवर्क के साथ कार्य करने एवं आमजन की सेवा करने हेतु निर्देशित किया।

## विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत नामांकन कराए जाने लगाई गई ड्यूटी

**अनूपपुर।** प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के लोकव्यापीकरण का मुख्य उद्देश्य 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का कक्षा 01 से 12 तक शत प्रतिशत प्रवेश एवं उनकी गुणवत्ता शिक्षा सुनिश्चित करना है। वर्ष 2025-26 का अकादमिक सत्र 01 अप्रैल 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह है कि वर्ष 2024-25 में कक्षा 01 से 07 में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं का कक्षा 2 से 8 में एवं कक्षा 8 से 11 तक अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को कक्षा 9 से 12 में शत प्रतिशत नामांकन की कार्यवाही निर्धारित समयावधि में पूर्ण की जाएगी। कक्षा 2 से 12 तक नामांकित समस्त छात्र-छात्राओं की समग्र शिक्षा पोर्टल पर अद्यतन करने की कार्यवाही 31 मार्च तक पूर्ण की जाएगी। उक्त प्रक्रिया के प्रचार-प्रसार व कक्षा 01 से 12 तक के विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत नामांकन कराए जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हर्षल पंचोली ने ग्राम पंचायतवार जिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है, जो 30 अप्रैल 2025 तक प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को आवंटित पंचायत क्षेत्र में भ्रमण कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराएंगे एवं आवंटित पंचायत अंतर्गत एक भी शाला त्यागी/अप्रवेशी विद्यार्थी न हो यह सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सर्वे हेतु संलग्न शिक्षक आवंटित ग्राम का डोर टू डोर (प्रत्येक घर) का सर्वे कर कक्षा 01 में प्रवेश योग्य समस्त विद्यार्थियों की सूची तैयार करें एवं उन्हें शाला में दर्ज कराएं। भविष्य में शाला त्यागी एवं अप्रवेशी विद्यार्थी पाए जाने पर संबंधित शिक्षक की जिम्मेदारी तय करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# संकल्प पैरामेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों का भोपाल में शैक्षणिक भ्रमण

अनूपपुर।

संकल्प पैरामेडिकल कॉलेज, अनूपपुर के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान देने के उद्देश्य से एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को चिकित्सा क्षेत्र में आधुनिकतम सुविधाओं और तकनीकी विकास से परिचित कराना था। विद्यार्थियों को भोपाल स्थित प्रसिद्ध एम्स हॉस्पिटल, अपोलो सेज हॉस्पिटल एवं सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें चिकित्सा सुविधाओं की उच्चतम मानकों का अनुभव प्राप्त हुआ।



### एम्स, अपोलो सेज हॉस्पिटल एवं सागर हॉस्पिटल

ये सभी हॉस्पिटल भारत के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में से एक है, जो उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। यहां विभिन्न चिकित्सा विभागों में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं, अत्याधुनिक उपकरणों और चिकित्सा विज्ञान में नवाचारों से विद्यार्थियों को रूबरू कराया गया। हॉस्पिटल के विभिन्न वाड्र्स, ऑपरेशन थिएटर, पैथोलॉजी लैब्स और अन्य चिकित्सा विभागों का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन और संचालन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अस्पताल के विभिन्न पहलुओं को समझा, जैसे- रोगियों का उपचार, चिकित्सा कर्मियों का कार्य, नई मेडिकल तकनीकियों का उपयोग, और कैसे अस्पताल में मरीजों को सबसे बेहतर देखभाल दी जाती है। उन्हें यह भी बताया गया कि कैसे एक हॉस्पिटल की कार्यप्रणाली से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि को सही तरीके से संचालित किया जाता है।

### भविष्य के लिए प्रेरणा

इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को चिकित्सा क्षेत्र में काम करने के तरीके को समझने के साथ-साथ यह भी बताया कि विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाओं का संचालन कितना चुनौतीपूर्ण और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य होता है। यह भ्रमण विद्यार्थियों को अपने करियर के प्रति और अधिक प्रेरित करेगा और उन्हें इस क्षेत्र में बेहतर और सक्षम पेशेवर बनने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करेगा। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ से सीखा कि एक अच्छे स्वास्थ्य पेशेवर के लिए न केवल तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता होती है, बल्कि उन्हें मरीजों के साथ सहानुभूति, समझदारी, और एक सकारात्मक दृष्टिकोण से काम करना होता है।

### संकल्प कॉलेज के प्रयास

संकल्प पैरामेडिकल कॉलेज के इस प्रयास से यह साफ है कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को सिर्फ क्लासरूम शिक्षा तक सीमित नहीं रखना चाहता, बल्कि उन्हें व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करता है। यह महाविद्यालय विद्यार्थियों को चिकित्सा क्षेत्र में नवीनतम प्रौद्योगिकियों और इलाज के तरीकों से अवगत कराता है, ताकि वे अपने पेशेवर जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें। इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से संकल्प पैरामेडिकल कॉलेज ने एक बार फिर साबित किया कि उनका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल शैक्षिक दृष्टि से सशक्त बनाना है, बल्कि उन्हें एक सफल करियर की दिशा में प्रोत्साहित करना भी है।

# गांजा प्रकरण का फरार आरोपी बिजुरी पुलिस की गिरफ्त में

बिजुरी।

बिजुरी पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा में 04 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना बिजुरी के अपराध क्र. 276/21 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट में एक हुंडई वर्ना कार क्र. CG04KR9688 से दिनांक 24/09/2021 को 140 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया था जिसका आरोपी अपराध कायमी दिनांक से फरार चल रहा था जिसकी काफी पता तलास की गई जो आरोपी राहुल चौधरी पिता चुन्नु चौधरी उम्र 26 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी वार्ड क्र. 14 कुम्हारी थाना कुम्हारी जिला दुर्ग छ.ग. को उसके निवास स्थान सकूनत से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है।

## सटोरियों के विरुद्ध कार्यवाही में 2 से सट्टा पट्टी सहित नगदी जप्त

**बिजुरी।** 22 मार्च को मुखबिर द्वारा बिजुरी पुलिस को सूचना दी गई कि दो व्यक्ति अलग अलग स्थानो में सट्टा खिला रहे है जिसे घेराबंदी कर पकडा जा सकता है। मुखबिर सूचना पर विजुरी पुलिस द्वारा कपिलधारा कालोनी एवं समनाटोला में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई जो कपिलधारा कालोनी में सागर मण्डल पिता लखन मण्डल उम्र 45 वर्ष निवासी कपिलधारा कालोनी बिजुरी एवं समनाटोला में राकेश साहु पिता रामगोपाल साहु उम्र 44 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 15 समनाटोला के मौके पर अवैध सट्टा काटते पाए जिनके पास एक अदद सट्टा पर्ची, एक सट्टा पर्ची लिखने की डाट पेन एवं नगदी रकम 1900 रुपये बरामद हुआ। अतः उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना बिजुरी में धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर अनसंधान मे लिया गया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत किरगी
जनपद पंचायत पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.)
क्र./../ ग्रा.पं. / बाजार नीलामी / 2025-26 दिनांक 24/03/2025
बाजार नीलामी विज्ञप्ति
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत किरगी की साप्ताहिक / दैनिक बाजार बैठकी की नीलामी दिनांक 28/03/2025 को समय दोपहर 12.00 बजे से 4.00 बजे अपरान्ह तक कार्यालय ग्राम पंचायत किरगी में की जायेगी । इच्छुक ठेकेदार ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित अमानत राशि साप्ताहिक बाजार हेतु रुपए 50000,00 (पचास हजार रुपए) तथा दैनिक बाजार नीलामी हेतु रुपए 20000 /- ( बीस हजार रुपए ) दिनांक -27/03/2025 तक ग्राम पंचायत सचिव के पास कार्यालयीन समय पर नगद जमाकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। बाजार नीलामी से संबंधित नियम व शर्तें सूचना पटल पर देखें।
सचिव
ग्रमा पंचायत किरगी जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़
जिला अनूपपुर (म.प्र.)